हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 23 मई 2026



11 अकाउंटेंट हर्ष को जयपुर से पकड़ा बिहार के मास्टरमाइंड...



12 जिले में जल्द बनेंगी 70 वाटर बॉडी सांसद के...

**खबर संक्षेप**

### नीरपुर राजपूत में स्वास्थ्य शिविर आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव नीरपुर राजपूत स्थित शगुन वाटिका में 23 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सक मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श देंगे। वाटिका के संचालक एवं शिविर आयोजक पूर्व चेयरमैन राजबीर सिंह चौहान ने बताया कि शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दी कि शिविर में फरीदाबाद की महिला दंत चिकित्सक डॉ. भारती छौक्कर, रेवाड़ी से डॉ. अजय कुमार तथा स्थानीय जनरल चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ दंत जांच भी की जाएगी। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।



### क्षेत्र में आज व कल बाधित रहेगी बिजली

**नारनौल।** राजकीय महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास के लिए नई 33 केवी स्वतंत्र बिजली फीडर लाइन डालने का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उपमंडल अधिकारी अर्धाहारी/ग्रामीण लोकेश कुमार ने बताया कि इस तकनीकी कार्य और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शहर व आस-पास के विभिन्न फीडरों से जुड़े इलाकों में 23 मई शनिवार और 24 मई रविवार को सुबह के समय बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।



#### ये रहेगा शेड्यूल

23 व 24 मई (सुबह 6 बजे से 10 बजे बजे तक) : 11 केवी हाउसिंग बोर्ड तथा 11 केवी जेल फीडर से जुड़े क्षेत्र।

***23 मई (सुबह 6:30 बजे से 7 बजे और सुबह 9:30 से 10 बजे तक):*** 33 केवी हसनपुर, 33 केवी खटोटी खुर्द और 33 केवी हुडा सेक्टर-1, नारनौल के क्षेत्र।

***24 मई (सुबह 6 बजे से 9 बजे तक) :*** 11 केवी हुडा सेक्टर-1 फीडर के अंतर्गत आने वाले इलाके।

***24 मई (सुबह 6 बजे से 9 बजे बजे तक) :*** 33 केवी हसनपुर, 33 केवी खटोटी खुर्द, 33 केवी हुडा सेक्टर-1, 33 केवी निजामपुर और 33 केवी (इंडसट्रियल एरिया) नारनौल से जुड़े तमाम क्षेत्र।

## भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़, एक आरोपी को पकड़ा, अभी दो की तलाश जारी, तीनों राजस्थान से

### डा. हर्ष चौहान की अगुवाई में जिला समुचित प्राधिकरण पीसीपीएनडीटी नारनौल की टीम ने की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल**

जिला समुचित प्राधिकरण पीसीपीएनडीटी नारनौल की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रूण लिंग जांच करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने राजस्थान निवासी एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सदर पुलिस थाना ने धंतर वासी कलगांव झुंझुनू, रवि वासी बसावता झुंझुनू व अंतर वासी पिचंनावा झुंझुनूं के खिलाफ पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट की धारा, बीएनएस सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। अन्य दो आरोपितों की तलाश जारी है।

21 मई 2026 को पीसीपीएनडीटी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि हरियाणा-राजस्थान सीमा क्षेत्र में भ्रूण लिंग जांच का अवैध धंधा चल रहा है। सूचना के आधार पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. हर्ष चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई और डिकॉय ग्राहक तैयार कर कार्रवाई की गई। टीम ने एक गर्भवती महिला को डिकॉय मरीज बनाकर आरोपित से संपर्क कराया। आरोपित ने भ्रूण लिंग जांच के लिए 35 हजार रुपये मांगे। तय योजना के अनुसार महिला को आरोपित द्वारा बताए गए स्थान पर भेजा गया। आरोपित धंतर निवासी कलगांव जिला झुंझुनूं (राजस्थान) अपनी बाइक पर महिला को लेकर एक सुनसान स्थान पर पहुंचा, जहां भ्रूण लिंग जांच की गई।





**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित धंतर। फोटो : हरिभूमि

#### राजस्थान के साथ-साथ हरियाणा में सक्रिय है यह गिरोह

पूछताछ में सामने आया कि गिरोह लंबे समय से हरियाणा और राजस्थान सीमा क्षेत्र में सक्रिय था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 की विभिन्न धाराओं, आईपीसी की धारा 420, 120बी और एमएमसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### जांच में गर्भ में बताया लड़का

डिकॉय मरीज ने बताया कि पहले से ही दो व्यक्ति वहां मौजूद थे। जोकि आपस में व धंतर से बातचीत कर रहे थे। जिनकी बातचीत से यह पता चला कि उनमें से एक व्यक्ति का नाम अंतर व एक का नाम रवि है। डिकॉय ने यह भी बताया कि रवि नामक व्यक्ति ने मुर्गी फार्म के एक कमरे में टीवीनुमा मशीन में जिसमें एक तार के साथ सामने एक अन्य उपकरण था। वे दोनों रवि व अंतर बार बार उस टीवीनुमा मशीन पर देख रहे थे। थोड़ी देर बाद उन्होंने डिकॉय को बताया कि आपके पेट में पल रहा भ्रूण एक लड़की है। इसके बाद उन दोनों ने आपस में बात की तथा अंतर ने इशारा करते हुए धंतर को डिकॉय महिला पेशेंट को वहां से ले जाने को लिए कहा। धंतर ने 35 हजार रवि को देते हुए कहा कि ये लो डॉक्टर साहब। इसके बाद रवि ने कुछ रुपये धंतर को दिए तथा बाकी पैसे आपस में बांट लिए गए। धंतर ने मोटरसाइकिल पर बैठाकर कच्चे रास्ते से होते हुए पुनः सड़क पर लेकर वापिस गांव गोद फ्लाईओवर के नीचे छोड़ दिया। इसके बाद रेडिंग टीम ने धंतर को पकड़ा। उसके पास एक बाइक, 1500 रुपये बरामद किए गए।

### पारदी गुलेल गैंग के सात सदस्य हथियारों सहित दबोचे, दो इनामी बदमाश शामिल

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ फायरिंग में दो आरोपी घायल, रेफर

पकड़े गए बदमाशों के पास से अवैध हथियार और चोरी करने में प्रयोग होने वाला सामान बरामद हुआ है और इनकी पहचान पारदी गुलेल गिरोह के रूप में हुई है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**

एक सप्ताह से पुलिस के लिए सिरदर्द बने अंतरराज्यीय कच्छा बनियान गुलेल गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। बीती रात को महेंद्रगढ़ के हुडा सेक्टर क्षेत्र में बदमाशों एवं पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दोनों तरफ से फायरिंग हुई, जिसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। दोनों घायल को नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार देने उपरांत हायर सेंटर रोहतक के लिए रेफर कर दिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से अवैध हथियार एवं चोरी करने में प्रयोग होने वाला सामान बरामद हुआ है और इनकी पहचान पारदी गुलेल गिरोह के रूप में हुई है।

गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एकट समेत संगीन धाराओं के तहत केस दर्ज करने उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि उक्त पारदी गुलेल गिरोह के सदस्य ट्रेन के द्वारा रात्रि के समय महेंद्रगढ़ के रेलवे स्टेशन पहुंचे हैं।

वहां से ये छाजपुरम कॉलोनी में घुसे और फिर हुडा सेक्टर की तरफ चले गए। जब पुलिस इनका पीछा कर रही थी, तब पुलिस को यह भाग खड़े हुए। पुलिस ने इन्हें दबोचने की कोशिश की, लेकिन ये सभी अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे और फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी तथा सभी सातों आरोपितों को मौके पर ही धर-दबोच लिया। इस मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए।

इनके पैर जख्मी हुए हैं, जिन्हें नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने उपरांत उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

इस संदर्भ में पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने महेंद्रगढ़ में कानून व्यवस्था को ओर सुदृढ़ करने और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी दीपक के कुशल मार्गदर्शन में सीआईए नारनौल व महेंद्रगढ़ और थाना शहर महेंद्रगढ़ की संयुक्त टीमों ने मुठभेड़ के बाद अंतरराज्यीय पारदी गुलेल गैंग के सात बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस गिरोह के सदस्य पिछले काफी समय से विभिन्न क्षेत्रों में लूटपाट, डकैती व चोरी की वारदातों को अंजाम देकर कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए थे। ये बदमाश पिछले दिनों कई जिलों में सक्रिय रहे पारदी गुलेल गिरोह से ताल्लुक रखते हैं, जो लूट व डकैती के साथ-साथ हत्या जैसे जघन्य कृत्यों के लिए जाने जाते हैं।





**महेंद्रगढ़।** अस्पताल में उपचाराधीन आरोपित। फोटो : हरिभूमि

#### गत 15 मई को आए थे पहली बार नजर

महेंद्रगढ़ में मुठभेड़ उपरांत गिरफ्तार किए गए गिरोह के सदस्य क्षेत्र में पहली बार एक सप्ताह पहले गत 15 मई की रात्रि को दिखाई दिए थे। तब रात के समय जब इस कच्छा-गुलेल गिरोह के छह-सात सदस्य महेंद्रगढ़ की गलियों में घूम रहे थे, तब आदर्शनगर में इनकी सीसीटीवी फुटेज रिकार्ड हो गई थी। फुटेज में गिरोह के सदस्य कच्छा-बनियान में मुंह पर कपड़ा लपेटे हुए दिखाई दे रहे थे। इतना ही नहीं, इनके पास गुलेल भी थी और गली में कुत्ते के भौंकने पर इन्होंने कुत्ते की तरफ गुलेल भी चलाई थी। इसके साथ ही इन्होंने वहां के चौकीदार पर पत्थरों से हमला कर दिया था। तब इन्होंने दो मोटरसाइकिल चुराई थी, जो पुलिस ने सघन जांच के आधार पर रेवाड़ी से बरामद कर ली। तभी से पुलिस इनके प्रति चौकन्ना बनी हुई थी और इन्हें धर-दबोचने की फिराक में थी। अब एक सप्ताह बाद ही जब यह अंतर राज्यीय गैंग रात्रि को ट्रेन से महेंद्रगढ़ पहुंची तो पुलिस भी सक्रिय हो गई और इनको पीछा करते हुए हुडा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया, जिनमें सात आरोपित शामिल हैं।

#### एमपी के रहने वाले हैं आरोपित

घेराबंदी कर दबोचे गए सभी सात आरोपित मध्य प्रदेश के मूल निवासी हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मनीराम निवासी बिलाखेड़ी गुना, अभय निवासी कनेरा गुना, अर्जुन निवासी कनेरा गुना, विरेंद्र निवासी बिलाखेड़ी गुना, सुनील निवासी माधोगढ़ अशोकनगर, चांद निवासी पटेल नगर गुना और विजय निवासी कनेरा गुना के रूप में हुई है। आपराधिक रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों में से विजय पर 15000 रुपये और चांद पर 5000 रुपये का नकद इनाम एमपी पुलिस की तरफ से घोषित था, जो लंबे समय से कई संगीन वारदातों में वांछित चल रहे थे। घायल बदमाशों के अलावा बाकि पांच आरोपितों को पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही धर-दबौच लिया गया। अब पुलिस द्वारा सभी आरोपितों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

#### मुठभेड़ में हथियार बरामद

मुठभेड़ स्थल और आरोपितों की सघन तलाशी के दौरान पुलिस ने अवैध हथियार और उपकरण बरामद किए हैं। बरामदगी में एक आधुनिक स्वचालित पिस्तौल, मैगजीन, तीन जिंदा कारतूस तथा एक देसी कट्टा व एक खाली कारतूस का खोखा बरामद हुआ है। घटना स्थल से बदमाशों द्वारा चलाए गए कारतूसों के खाली खोखे भी साक्ष्य के रूप में बरामद किए गए हैं। आरोपितों के पास से मिले एक पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर लोहे का नुकिला सैरिया, रेती, प्लास, वायर कटर, पेचकस, एक मोबाइल फोन और एक घड़ी सहित चोरी व सेंधमारी में इस्तेमाल होने वाली गुलेल और अन्य सामग्री बरामद हुई है।

#### आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज

*इस वारदात के संदर्भ में थाना शहर में आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।*



**नारनौल।** अस्पताल में छापेमारी के दौरान जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सीएम फ्लाइंग ने निजी अस्पताल में मारा छापा

### मिलीं कई अनियमितताएं

***टीम ने मौके से एक एमटीपी किट कब्जे में लेकर सील की***

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल**

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम रेवाड़ी और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने सिंघाना रोड स्थित निजी अस्पताल में छापेमारी की। इस दौरान अस्पताल में कई अनियमितताएं उजागर हुई। टीम ने मौके से एक एमटीपी किट कब्जे में लेकर सील कर दी। वहीं अस्पताल के अंदर बीयर की खाली बोतलें भी मिली। शहर में नशीली दवाएं मिलने की शिकायत के आधार पर शुक्रवार को निरीक्षक मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम के नेतृत्व में छापेमारी की गई। टीम में मेडिकल अधिकारी डॉ. नवीन कुमार, एमटीपी नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, ड्रग कंट्रोल अधिकारी प्रशांत कुमार और गुप्तचर विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। छापेमारी के दौरान अस्पताल संचालक एवं स्टाफ मिला। जांच में एक चिकित्सक का बीएएमएस सर्टिफिकेट सही पाया गया, लेकिन उक्त अस्पताल का सीएमओ कार्यालय में एचपीआर और एचएफआर रजिस्ट्रेशन नहीं मिला।

टीम ने पाया कि अस्पताल में ओपीडी और आईपीडी के मरीज मौजूद थे, लेकिन संचालक कोई रिकॉर्ड पेश नहीं कर सका। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नोटिस जारी कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में संचालित मेडिकल स्टोर पर भी कई अनियमितताएं मिलीं। वहीं अस्पताल परिसर से 'प्रेगा एंड' नाम की एक एमटीपी किट बरामद हुई, जिसकी एक्सपायरी अगस्त 2027 बताई गई। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में आज होगी पीटीएम

**नारनौल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में आगामी 23 मई को प्रातः 8:30 बजे अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह बैठक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों को दी जाने वाली शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के संबंध में आयोजित की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 25 मई से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। पीटीएम के दौरान अभिभावकों को बच्चों के लिए निर्धारित ग्रीष्मकालीन गृहकार्य, रीडिंग गतिविधियां, खेल आधारित शिक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं पारिवारिक सहभागिता से जुड़ी जानकारी दी जाएगी।

## अहीरवाल के शहीदों के सम्मान में नसीबपुर में बनेगा भव्य स्मारक

- मुख्यमंत्री के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक में नसीबपुर में बनने वाले शहीद स्मारक की ड्राफ्टिंग और डिजाइन का विस्तार से किया अवलोकन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल**

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि अहीरवाल क्षेत्र के शहीदों और वीर बलिदानियों की स्मृति में नसीबपुर में बनने वाला भव्य शहीद स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा स्मारक निर्माण को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों का स्वागत करते हुए कहा कि यह परियोजना अहीरवाल के गौरवशाली इतिहास को नई पहचान देगी।

आरती सिंह राव ने कहा कि अहीरवाल की धरती वीरता, राष्ट्रभक्ति और बलिदान के लिए पूरे देश में जानी जाती है। यहां के वीर जवानों ने देश की आजादी और सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। प्रदेश सरकार उनके सम्मान और इतिहास को सहेजने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक में नसीबपुर में बनने वाले शहीद स्मारक की ड्राफ्टिंग और डिजाइन का विस्तार से अवलोकन किया गया। बैठक में स्मारक निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने स्मारक को आधुनिक और भव्य स्वरूप देने पर विशेष जोर दिया। आरती सिंह राव ने कहा कि नसीबपुर का यह शहीद स्मारक केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि अहीरवाल की आन-बान-शान और देशभक्ति का जीवंत प्रतीक होगा।





**नारनौल।** चंडीगढ़ बैठक में मौजूद सीएम, स्वास्थ्य मंत्री व विधायक सहित अन्य।

#### 42 कनाल 10 मरला भूमि में तैयार होगा स्मारक

करीब 42 कनाल 10 मरला भूमि में बनने वाले इस स्मारक में आधुनिक सुविधाओं के साथ इतिहास और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। परिसर में 500 से 600 लोगों की क्षमता वाला ओपन एयर थिएटर, अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो, छह भव्य गैलरी, ऑडिटोरियम, एडमिन ब्लॉक और विशाल तिरंगा स्थापित किया जाएगा। स्मारक परिसर में ग्रीनरी, स्वच्छता, पार्किंग और तालाब के जीर्णोद्धार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। तालाब के पानी की स्वच्छता बनाए रखने के लिए अलग से एसटीपी की व्यवस्था की जाएगी, जिससे यह स्थल आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

### एसडीओ-जेई के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के आदेश

## जनस्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का खुलासा

***कार्यालय में पिछले समय से चल रहे खुलम खुला भ्रष्टाचार का हुआ भंडाफोड़***


**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना**

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनीना उपमंडल कार्यालय में बड़े स्तर पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की जांच रिपोर्ट के बाद अधीक्षक अभियंता नारनौल ने इस मामले में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

बता दें कि मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी द्वारा बीती 11 दिसंबर 2025 को किए गए औचक निरीक्षण और जांच में कई गंभीर खामियां सामने आई थी। उस समय लापता अधिकारी और कार्यालय में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे खराब अवस्था में मिले थे, डीवीआर गायब था। बायोमेट्रिक हाजिरी मशीन भी जानबूझकर खराब करना बताई गई थी।

विभाग के एसडीओ राजीव कुमार कई महत्वपूर्ण समाधान शिविरों से नदारद रहे थे। फर्जी हाजिरी और कुछ कर्मचारी बूस्टिंग स्टेशन झिगावन और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कनीना में कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले, जबकि कागजों में उनकी हाजिरी लगी हुई थी।

कुछ कर्मचारी ड्यूटी के बजाय निजी गाड़ियां चला रहे थे। पीडब्ल्यूडी कोड 5.22 का उल्लंघन करते हुए, बिलों की जांच बिना डीएससी से कराए सीधे हेड ऑफिस भेजे जा रहे थे। इसी प्रकार अग्निवीर के नाम पर धांधली करते हुए एक कर्मचारी अनिल कुमार जिसका चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के तौर पर हो चुका है, उसे विभाग द्वारा अब तक अनुपस्थित दिखाया जा रहा था ताकि भविष्य में वह दोबारा गलत तरीके से ज्वाइन कर सके।



**कनीना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी द्वारा एडीजीपी पंचकूला को भेजी गई जांच रिपोर्ट प्रति।

#### छह माह बाद होती दिखाई दे रही कार्रवाई


उड़न दस्ते की ओर से यह रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजकर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। जिस पर अब छह माह बाद कार्रवाई होती दिखाई दे रही है। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से पीएचईडी के एसडीओ राजीव कुमार और जेई पवन कुमार को बरती गई अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। अधीक्षक अभियंता नारनौल ने कार्यकारी अभियंता को पत्र लिखकर पांच दिनों के भीतर इन दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। इस खुलासे से विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। यह कार्रवाई शासन की भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दर्शाती है।



# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

**मुंबई।** मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।

## लाइफ Style



# रिद्धि
## फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसे दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

## हॉलीवुड मसाला



# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

## टीवी मसाला



# महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

**नई दिल्ली।** महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।



# आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने



ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।

# पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

### खास अंदाज में दिखे सितारे



## बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द

# बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

### बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।



### ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

### पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

### नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।

**खबर संक्षेप**

### मांगें नहीं मानी तो होगा आंदोलन तेज

**मंडी अटेली।** अटेली में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। यूनियन के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अटेली स्थित कैंप कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा। यूनियन के खजांची कृष्ण कुमार और महासचिव कामरेड सुभाष चंद्र एडवोकेट ने बताया कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2007 में गांवों की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की थी।

### ढाणी राजावास में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी राजावास में शुक्रवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मी अनूप सिंह व रेणु जांगिड़ ने छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को लिंगानुपात में सुधार व बालिका शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेटियां बोझ नहीं, समाज की शान हैं। बेटियों को पढ़ा-लिखाकर आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। इस दौरान आशा वर्कर नसीब व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमला ने भी ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने की जानकारी दी।

## रिटायर्ड बैंक कर्मी से 10 लाख की ठगी करने वाले नेटवर्क का खुलासा

# अकाउंटेंट हर्ष को जयपुर से पकड़ा बिहार के मास्टरमाइंड की तलाश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल**

जिला पुलिस की साइबर थाना की टीम ने तकनीक का दुरुपयोग कर लोगों की गाढ़ी कमाई लूटने वाले एक बेहद शातिर और उच्च शिक्षित साइबर ठग को गिरफ्तार कर एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। साइबर अपराध के नोडल अधिकारी एएसपी फैजल खान और आईपीएस बैशाख बागी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में साइबर थाना की पुलिस टीम द्वारा यह बड़ी कार्रवाई की गई है। एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी के साथ हुई 10 लाख रुपये से अधिक की ऑनलाइन धोखाधड़ी हो गई थी, जिसकी शिकायत पर मामला दर्ज किया गया और मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित हर्ष वासी सांगानेर को जयपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में साइबर ठगों के एक नए तरीके (मॉडस ऑपरेंडी) को उजागर किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जिला पुलिस आम जनता से अपील करती है कि सोशल मीडिया पर मिलने वाले किसी भी लुभावने लिंक पर क्लिक न करें और किसी के कहने पर कोई भी ऐप या एपीके फाइल डाउनलोड न करें। आरोपित हर्ष से पूछताछ में पुलिस ने उससे 3,75,000 रुपये बरामद किए हैं। जिला पुलिस की टीमें अब आरोपित की निशानदेही पर मुख्य मास्टरमाइंड और गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित हर्ष। फोटो : हरिभूमि

### काली कमाई को सफेद करता था हर्ष

हर्ष का मुख्य काम ठगी की काली कमाई को सफेद करना था। इसके लिए वह टेलीग्राम ग्रुप्स पर लोगों को डिस्काउंट का लालच देता था। वह लोगों से नकद पैसे लेकर, इस ठगी की रकम से उनके बिजली के बिल, क्रेडिट कार्ड के बिल और एलआईसी की किश्तें ऑनलाइन भर देता था, इस काम के लिए उसे भारी कमीशन मिलता था। ठगों ने इस अवैध कारोबार को चलाने के लिए अलग से फोन और फर्जी व्हाट्सएप नंबरों का भी इस्तेमाल किया। आरोपित से बरामद मोबाइल फोन को चेक करने पर सीएससी सेंटर की काफी फर्जी आईडी का रिकॉर्ड मिला है, जिनका प्रयोग साइबर ठगी की वारदातों में किया जाता था।

### बिहार के मास्टरमाइंड के संपर्क में था हर्ष

*एसएपी फैजल खान और बैशाख बागी आईपीएस ने बताया कि इस मामले में गहन जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए हर्ष नामक एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। एमकॉम की डिग्री हासिल कर चुके और पेशे से अकाउंटेंट हर्ष से पूछताछ में पुलिस ने पता लगाया कि वह टेलीग्राम और व्हाट्सएप के जरिए बिहार के रहने वाले एक मास्टरमाइंड के संपर्क में था। यह गिरोह सीधे बैंक खातों से पैसे निकालने के बजाय एक जटिल नेटवर्क का इस्तेमाल करता था। मुख्य सरगना लोगों के फोन में एपीके फाइल भेजकर उसे हैक करता था और फिर ठगी की रकम को फर्जी नाम से बनाई गई कॉमन सर्विस सेंटर आईडी के खातों में ट्रांसफर कर देता था।*

### यह था मामला

*25 मार्च को नारनौल निवासी और बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी ने साइबर थाना में शिकायत दी थी। शिकायत में उसने बताया था कि फेसबुक पर पेंशनर रिटायरमेंट बेनिफिट्स के नाम से एक विज्ञापन देखा था। उस लिंक पर क्लिक करते ही उसके मोबाइल में एक अज्ञात एपीके फाइल इंस्टॉल हो गई। इसके बाद साइबर ठगों ने खुद को बैंक के एचआर विभाग का अधिकारी बताकर उसे फोन पर बातों में उलझाए रखा और मोबाइल का पूरा एक्सेस हासिल कर लिया। कुछ ही समय में ठगों ने पीड़ित के बैंक खाते से उसकी फिक्स डिपॉजिट (एफडी) तुड़वाकर कुल 10,01,072 रुपये उड़ा लिए गए। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।*



नारनौल। रेवाड़ी रोड पर छबील लगाते समिति अध्यक्ष सिकंदर गहली व अन्य।

## माता सती वेलफेयर समिति ने हजारों लोगों की बुझाई प्यास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल**

भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से माता सती वेलफेयर समिति गहली नारनौल की ओर से शुक्रवार को नींबू पानी की विशाल छबील लगाई गई। यह छबील रेवाड़ी रोड स्थित बस स्टैंड के पास राव मातादीन अस्पताल गली के नजदीक आयोजित की गई। जहां राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर नींबू पानी ग्रहण किया। इस संबंध में समिति अध्यक्ष सिकंदर गहली ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और गर्मी के मौसम में राहगीरों को ठंडा पेय उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि समिति समय समय पर इस प्रकार के समाजहित के कार्य करती रहेती है। माता सती वेलफेयर समिति गहली सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। समिति द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, पौधारोपण अभियान, गौ सवामणी तथा अन्य जनसेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों के माध्यम से समिति समाज में सेवा, सहयोग और जागरूकता का संदेश देने का कार्य कर रही है। छबील कार्यक्रम में विजयपाल एडवोकेट, सुशील एडवोकेट, विरेंद्र घाटासेर, संजय यादव, मनीष शर्मा, अरविंद यादव मांदी, विकास नंबरदार मांदी, हरीमोहन पहलवान, कृष्ण यादव नीरपुर, कुलदीप यादव रामबास, दीपक यादव, प्रवीण, हनुमान, रोहित शर्मा, सुनील कुमार, सन्नी शर्मा, मदनलाल, धीरज सोनी, मनोज यादव, पवन, मोहन सैनी, मोहित सोनी, देवेंद्र योगी, डायमण्ड, कर्मबीर यादव, मदन गहली, संदीप गहली सहित समिति सदस्य मौजूद रहे। लोगों ने समिति की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## लिटिल चैंमप्स प्ले स्कूल में गर्मी से राहत के बीच हुई मस्ती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल**

तपती गर्मी के बीच लिटिल चैंमप्स प्ले स्कूल मिश्रवाड़ा के नन्हे मुन्ने बच्चों ने विद्यालय के मिनी स्विमिंग पूल में मौज मस्ती करते हुए खूब आनंद उठाया। रंग बिरंगी स्विमिंग कॉस्ट्यूम पहने बच्चे बाल्स के साथ खेलते नजर आए। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका आशा मान व विद्यालय स्टाफ की देखरेख में आयोजित इस गतिविधियो में बच्चों ने स्नान, खेलकूद व पानी में खेले जाने वाले खेलों में हिस्सा लिया और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखते हुए यह आयोजन किया गया। गर्मी के मौसम में स्विमिंग बच्चों के लिए स्वास्थ्यवर्धक गतिविधि है इससे शरीर का व्यायाम होता है। गर्मी से राहत मिलती है। इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है।विद्यालय के अध्यक्ष डॉ संजय मान एडवोकेट ने कहा कि मौसम के अनुसार बच्चों के लिए मनोरंजन, मस्ती और स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियां बेहद जरूरी है। समय-समय पर गर्मी के मौसम को देखते हुए अनुभवी डॉक्टरों द्वारा समय-समय पर विद्यालय में सभी बच्चों की स्वास्थ्य की जांच भी करवाई जाती है और उन्हें स्वास्थ्य संबंधीत उचित परामर्श भी दिया जाता है। बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर शालू सैनी, निशा सैनी, रिंकी संगी, रंजना सोनी और कुंता आदि अध्यापिकाओ का विशेष रूप से योगदान रहा।



नारनौल। अध्यापिकाओं की देखरेख में स्विमिंग कर मस्ती करते बच्चे।

## विद्या भारती स्कूल में छोटे बच्चों के लिए हुई पूल पार्टी



**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में छोटे बच्चों के लिए एक शानदार पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पानी में खेलते हुए खूब मस्ती की और आनंद लिया। कार्यक्रम का माहौल बेहद उत्साहपूर्ण और मनोरंजक रहा। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने बच्चों के साथ पूल पार्टी का भरपूर आनंद लिया तथा बच्चों का उत्साह बढ़ाया। संस्था के प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव एवं निदेशिका डॉ. रविन्द्रा यादव ने बच्चों को पूल पार्टी के महत्व के बारे में बताया और सभी बच्चों को छबील पिलाई। किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन और रचनात्मक गतिविधियों से भी जोड़ा जाता है, ताकि उनका मानसिक और शारीरिक विकास अच्छे तरीके से हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अजीत सिंह, उप-प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## जिले में फिलहाल 1105 टीबी मरीजों का चल रहा मुफ्त इलाज

**टीबी मुक्त भारत अभियान की अतिरिक्त सचिव ने की समीक्षा**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल**

देश को टीबी जैसी गंभीर बीमारी से पूरी तरह निजात दिलाने के लिए सरकार तथा जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी संभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय अभियान की समीक्षा के लिए एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) आराधना पटनायक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों (स्वास्थ्य), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशकों सहित सभी उपायुक्तों ने भाग लिया। जिला महेंद्रगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए नगराधीश डॉ. मंगलसेन ने जिले की प्रगति रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बैठक के दौरान जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर किए जा रहे सक्रिय प्रयासों, मरीजों की खोज, उनके उपचार और सरकार द्वारा दी जाने वाली पोषण सहायता (निक्षय पोषण योजना) की जमीनी हकीकत से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। जिला में फिलहाल 1105 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। सरकार की योजना के अनुसार इन टीबी मरीजों की जांच तथा इलाज मुफ्त करवाया जा रहा है।



नारनौल। वीडियो कांफ्रेंस में भाग लेते सीटीएम डा. मंगल सेन व अन्य।

## भोजावास गांव में निकाली लिंगानुपात सुधार रैली



**नांगल चौधरी।** भोजावास गांव में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लिंगानुपात सुधार को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को सिरोही बहाली पीएचसी के चिकित्सक योगेश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें कर्मचारियों, आशा वर्करों तथा ग्रामीणों ने भाग लेकर बेटी बचाओ का संदेश दिया है। रैली के संयोजक एमपीएचडब्लू लक्ष्मण सैनी ने बताया कि जागरूकता रैली गांव की विभिन्न गलियों से होकर गुजरी, जहां कर्मचारियों ने लोगों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने और बेटियों को समान अधिकार देने के लिए प्रेरित किया है। इस दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और लिंग जांच कराना अपराध है जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया है। चिकित्सक योगेश यादव ने कहा कि आधुनिक चिकित्सीय उपकरणों का दुरुपयोग होने के कारण लिंग जांच और भ्रूण हत्या जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। इसके चलते लड़कों की तुलना में बेटियों की संख्या लगातार घट रही है, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। बेटियां परिवार और समाज की शान होती हैं तथा उनके बिना समाज का संतुलन संभव नहीं है। सरकार द्वारा अवैध लिंग जांच पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## भीषण गर्मी का असर अब बाजारों पर, दुकानदारी प्रभावित

**दोपहर 11 बजे के बाद सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही कम, ग्राहकों की संख्या में काफी गिरावट**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**

ज्येष्ठ मास के महीने में पड़ रही भीषण गर्मी का असर अब शहर के बाजारों पर साफ दिखाई देने लगा है। तेज धूप और लू के कारण दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहने लगा है, जिससे व्यापारियों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है। सुबह और शाम के समय कुछ चहल-पहल देखने को मिल रही है, लेकिन दिन के समय ग्राहक घरों से निकलने से बच रहे हैं। लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। दोपहर 11 बजे के बाद सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही कम हो जाती है। बाजारों में कपड़े, जूते, इलेक्ट्रॉनिक सामान और जनरल स्टोर संचालकों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में ग्राहकों की संख्या में काफी गिरावट आई है। गर्म हवाओं और तेज धूप के चलते लोग केवल जरूरी सामान खरीदने के लिए ही बाजार पहुंच रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार पहले जहां दिनभर ग्राहकों की भीड़ बनी रहती थी, वहीं अब अधिकांश दुकानें खाली नजर आती हैं। पेय पदार्थ बिक्री में हुई बढ़ोतरी दुकानदारों का कहना है कि गर्मी बढ़ने से बिक्री पर सीधा असर पड़ा है। खासकर दोपहर के समय दुकानों पर ग्राहक न के बराबर पहुंच रहे हैं। इससे छोटे व्यापारियों की आय प्रभावित हो रही है।



महेंद्रगढ़। दोपहर के समय सुनसान पड़ा बाजार। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन जारी कर चुका है एडवाइजरी

चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी लोगों को लू से बचाव के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं। प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था करने और जरूरत पड़ने पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है।

## हकेंवि में स्नातकोत्तर एडमिशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीयूईटी पीजी 2026 के नतीजे घोषित होने के बाद विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया अगले चरण में पहुंच गई है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने शुक्रवार को स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल की शुरुआत की। प्रो. टंकेशवर कुमार ने प्रवेश परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय देशभर के अभ्यर्थियों का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालय में देश के 26 राज्यों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और हम उनके बेहतर भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। कुलपति ने कहा कि हकेवि शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। टाइम्स हॉयर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 तथा टाइम्स हॉयर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट रैंकिंग इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य, डॉ. अमित कुमार, डॉ. तेजपाल ढेवा, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. सुमित कुमार सहित दाखिला प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित रहे।

**नशा मुक्ति केंद्र के माध्यम से हजारों व्यक्ति नशा छोड़कर समाज की मुख्य धारा में हो चुके शामिल**

## नशे के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी पहल, सिविल अस्पताल में मरीजों का हो रहा मुफ्त इलाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना**

नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने और युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला अस्पताल नारनौल में 'नशा मुक्ति केंद्र' का संचालन किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार और नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी डॉ. अनिल यादव के कुशल मार्गदर्शन में यह केंद्र क्षेत्र के लिए कई परिवारों के लिए वरदान साबित हुआ है। नशा मुक्ति केंद्र में अब तक हजारों व्यक्ति नशा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। अनिल यादव ने बताया कि 15 बेड की क्षमता वाले इस केंद्र में महेंद्रगढ़ जिले सहित दूर-दराज क्षेत्र के 'नशेडी' मरीज दाखिल हैं। जिन्होंने 'शोकिया' तौर पर नशे करना आरंभ किया ओर बाद में वे नशे के आदि हो गए। इनमें कुछ सरकारी व अर्ध सरकारी कर्मचारियों सहित नशे के प्रति आमजन को जागरूक करने वाली टीम सद्स्य शामिल हैं। शराब, चिट्टा, डग, सुलफा, गांजा, अफीम, डोडा आदि गंभीर नशा करने वाले लोगों से बहुत से परिवार आर्थिक व सामाजिक रूप से टूट गए जबकि अधिकांश समय रहते उपचार मिलने से बर्बाद होने से बच गए।




कनीना। मरीजों को नशा छोड़ने के लिए परामर्श देते मनोरोग चिकित्सक।

### जागरूकता अभियान पर जोर

*नशा मुक्ति केंद्र की टीम केवल अस्पताल तक ही सीमित नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ताओं और परामर्शदाताओं के माध्यम से स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। टीम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को इस लत के प्रति जागरूक करना और उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाना है जिससे वे नशे के दलदल में न फंसें। परामर्शदाता प्रजीत, नवीन और आशीष द्वारा लगातार जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जहां लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है, जिसमें यह केंद्र एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है।*

## दक्षिण हरियाणा किसान खाप समिति की हुई महत्वपूर्ण बैठक

**नांगल चौधरी।** दक्षिण हरियाणा किसान खाप समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संगठन के सचिव धर्मबीर पार्षद मानेसर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए किसानों, महिलाओं, युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना, कृषि विकास को बढ़ावा देना तथा किसानों को आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। संगठन द्वारा किसानों को कृषि संबंधी नई जानकारी उपलब्ध कराने, जल संरक्षण, भूमि सुधार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। दक्षिण हरियाणा किसान खाप समिति किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करेगा, ताकि समाज का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। सामाजिक कुरीतियों, नशाखोरी और पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान एवं तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा देने, स्वरोजगार योजनाओं को प्रोत्साहित करने तथा जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि समिति आने वाले समय में गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ने का कार्य करेगी और किसानों की समस्याओं को प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। बैठक में अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं और समिति सदस्यों ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है।

CBSE Affiliation No. : 520225
श्री दुलीचंद राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
आकोदा (महेंद्रगढ़), हरियाणा
01285-230051, 9813368488, 9467833148
principalakoda@gmail.com
**बोली / नीलामी की सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आकोदा (महेंद्रगढ़) में स्थित **06 जर्जर कमरों** व **01 हाल/बरामदे** सहित की तोड़ने एवं टूटे हुए सामान की खुली बोली / नीलामी दिनांक वार शनिवार **30-05-2026** को समय प्रात: **10:00 बजे** विद्यालय प्रांगण में लगाई जाएगी।
★ बोली / नीलामी के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।
★ विद्यालय प्रबंधन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
प्रधानाचार्य
(श्री दुलीचंद)
राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आकोदा (महेंद्रगढ़), हरियाणा

# सैनी सभा का कार्यकारिणी चुनाव : कल कॉलेजियम सदस्य चुनेंगे 'समाज का ताज'

■ 4 प्रत्याशी प्रधान, 6 उपप्रधान, 4 महासचिव, 3 सचिव व 2 कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था सैनी सभा (रजि.) का त्रिवार्षिक चुनाव का फाइनल मुकाबला रविवार को होगा। इस दिन सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक पांच पद प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन चुनावी प्रक्रिया से होगा। मतदाता को सैनी सभा की ओर से जारी कॉलेजियम कार्ड व अन्य पहचान पत्र जैसे सैनी सभा द्वारा जारी कार्ड, आधार कार्ड, इलेक्शन वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस व चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अन्य कोई वैध पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। वहीं चुनावी टीम ने तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को सभी 155 कॉलेजियम सदस्यों पहचान पत्र वितरित किए गए। ऐसे में अब देखना होगा कि संडे को होने वाले मुकाबले में कॉलेजियम सदस्य समाज का ताज किसके सिर पर रखते है।


नारनौल। चुनावी तैयारी में जुटी चुनावी टीम। फोटो : हरिभूमि

### प्रधान पद के लिए 4 उम्मीदवार मैदान में

प्रधान पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में है। इनमें ओमप्रकाश सैनी पुत्र दुलीचंद को छतरी, रोहताश सैनी पुत्र रामपत सैनी को सिलेंडर, सुरेंद्र कुमार पुत्र हरीराम सैनी को चाबी और हरिश सैनी पुत्र ओमप्रकाश को पतंग का चुनाव चिन्ह मिला है। अब देखना होगा कि परिणाम में छतरी, सिलेंडर, चाबी या फिर पतंग बाजी मारती है।

### इन चार पदों के लिए ये हैं उम्मीदवार

उपप्रधान पद के लिए छह उम्मीदवार है, इनमें महेंद्र पुत्र भानाराम वासी सराय दुसरान, प्रदीप पुत्र सोमदत्त वासी जमालपुर, अरूण पुत्र धर्मसिंह वासी कैलाशनगर, मानसिंह पुत्र प्रभातीलाल वासी शेखपुरा, मानसिंह पुत्र मूलचंद वासी सराय दुसरान और भवानीशंकर पुत्र पप्पू सैनी वासी पीरआगा शामिल है। महासचिव पद के लिए चार उम्मीदवार है, इनमें सतीश पुत्र रामसिंह रेवाड़ी रोड, जयसिंह पुत्र सुमेर सिंह वासी सिलाखाना, रेणू पत्नी लोकेश सैनी वासी सलामपुरा और प्रेमचंद पुत्र रामजीलाल वासी सलामपुरा शामिल है। इसी तरह सचिव पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में है, इनमें मनीष पुत्र सज्जन सिंह पुरानी सराय, मदनलाल पुत्र भोलाराम वासी ढाणी किरारोद और मोहरसिंह पुत्र बिशनदयाल वासी बावड़ीपुर है। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए महज दो उम्मीदवार विकास पुत्र ओमप्रकाश वासी नूनी अव्वल और कमलसिंह पुत्र रामौतार सैनी वासी नलापुर के बीच मुकाबला होगा।

### उम्मीदवारों का इन नियमों का करना होगा पालन

चुनाव अधिकारी संदीप एडवोकेट, उप चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सैनी व पर्यवेक्षक रोशनलाल सैनी ने बताया कि प्रत्येक उम्मीदवार को मतदान केंद्र में प्रवेश के लिए चुनाव अधिकारी द्वारा जारी प्रवेश पत्र के द्वारा होगा। जिसके लिए फार्म 10(अ) भरकर चुनाव अधिकारी को चुनाव से एक दिन पहले जमा करवाना होगा। प्रत्येक उम्मीदवार का एक ही एजेंट होगा, जिसकी नियुक्ति के लिए फार्म 10(ब) भरकर चुनाव अधिकारी को चुनाव से एक दिन पहले जमा करवाना अनिवार्य होगा। मतदान केंद्र बूथ में तथा मतगणना के दौरान उम्मीदवार और एजेंट में से केवल एक ही व्यक्ति उपस्थित रह सकता है। मतदान केंद्र बूथ में तथा मतगणना के दौरान मोबाइल फोन अंदर ले जाना वर्जित है। मतदान केंद्र में मतदाता के अलावा प्रवेश केवल वैद्य प्रवेश पत्र से ही हो सकेगा, जो मांगने पर दिखाना अनिवार्य होगा। वोटर चेलेंज फीस 500 रुपये प्रति वोट होगी तथा यह फीस पीठासीन अधिकारी को मौके पर ही चेलेंज से पूर्व जमा करवानी होगी। मतदान के दौरान मत पत्र पांच रंगों के प्रयोग होंगे, परंतु एक पद के मत पत्रों का रंग एक ही होगा। मतदान परिसर में चुनावी कार्यालय से प्रेषित सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। मतदान केंद्र में तथा मतदान केंद्र के 50 मीटर की दूरी में किसी भी प्रकार के चुनावी बूथ की स्थापना निषिद्ध है।

## खबर संक्षेप


नारनौल। कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता जरनैल सिंह। फोटो : हरिभूमि

### सरकार की दोगली नीतियों से कर्मचारी परेशानः जरनैल सिंह

**नारनौल।** सर्व कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान कौशल कुमार यादव ने की। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सेंगलिया तथा सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जरनैल सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार की दोगली नीतियों के कारण प्रदेश के कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि कर्मचारियों को एकजुट कर उनके अधिकारों की लड़ाई को मजबूत किया जा सके। इसके साथ ही पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों के लिए आर्थिक सुरक्षा बेहद जरूरी है।

# जिले में जल्द बनेंगी 70 वाटर बॉडी सांसद के प्रयास से मंजूर होगा फंड

## 115 करोड़ रुपये की आएगी लागत, सिंचाई मंत्री ने की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

■ भूजल रीचार्ज से न सिर्फ किसान की फसल की पैदावार बढ़ती है, बल्कि लागत भी घटती है

जिले में लगभग 70 वाटर बॉडी निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू होगा। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसी को ध्यान मे रखते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने केंद्र सरकार के सहयोग से वर्ल्ड बैंक से एक विशेष फंड की मांग की थी। पूर्व में चली अटल भूजल योजना के तहत जिले के अनेक गांवों में गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए अनेक कार्य हुए थे। अब ये योजना पूरी हो चुकी है। जिले में अभी भी अनेक प्रोजेक्ट पूरे होने हैं। इसी को ध्यान में सांसद धर्मबीर सिंह ने केंद्र सरकार के सहयोग से वर्ल्ड बैंक से लगभग 115 करोड़ की राशि स्वीकृत करवाने के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट भिजवाई थी। वर्ल्ड बैंक की तरफ से इसकी सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। संदीप मालड़ा ने बताया कि हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने वर्ल्ड बैंक की इन परियोजनाओं के प्रभावी एवं सर्वाधिक उपयोगी क्रियान्वयन के लिए बुधवार को चंडीगढ़ में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह के प्रयास हैं कि भूजल स्तर रीचार्ज के लिए विशेष परियोजनाएं तैयार की जाएं, जिससे किसान को लाभ हो सके। भूजल रीचार्ज से ना सिर्फ किसान की फसल की पैदावार बढ़ती है, बल्कि लागत भी घटती है। जिले में बनने वाली इन 70 वाटर बॉडीज पर लगभग 115 करोड़ की लागत आएगी। इन 71 वाटर बॉडीज का निर्माण लगभग 250 एकड़ में किया जाएगा। इसके तहत लगभग 55 गांव कवर किए जाएंगे।

इस विशेष प्रोजेक्ट के लिए इन गांवों की पंचायतों ने केंद्र सरकार में पैरवी के लिए सांसद धर्मबीर सिंह का विशेष आभार व्यक्त किया है। इन गांवों के लोगों ने हरियाणा सरकार में मंत्री आरती सिंह राव, नारनौल से वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव व विधायक कंवर सिंह यादव का धन्यवाद किया है। गांव के लोगों ने भरोसा जताया है कि केंद्र सरकार के सहयोग से सिरे चढ़ रही इस योजना का हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी की निगरानी में प्रभावी क्रियान्वयन होगा।


महेंद्रगढ़। चंडीगढ़ में सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मीटिंग लेती सिंचाई मंत्री।

### नदी क्षेत्र में भी बनेंगी बॉडीज

इसके अलावा दोहान नदी क्षेत्र के गांव डेरोली जाट, देवास, माजरा कलां व भगडाना में भी लगभग 10 करोड़ की लागत से चार वाटर बॉडीज बनाई जाएंगी। वहीं गांव पाली, गागडवास, खातोदड़ा, कोथल कलां, देवास, निम्बी, जांजडियावास, सिलारपुर, सीहोर, खेड़ी, सुरजनवास, बवानिया, रातां कला, ढाणा, रामबास, बचीनी, नांगल हरनाथ, नौताना, बसई, बासड़ी, मोड़ी, गोमला, मोहल्ड़ा, नीमीठ व मुंडायन में भी लगभग 15 वाटर बॉडीज बनाई जाएंगी। इन पर लगभग 20 करोड़ की लागत आएगी।

### वाटर बॉडी का ब्योरा

गांव - वाटर बॉडी की संख्या - लागत

धौली - 4 - लगभग 15 करोड़ : प्रेशराइजड पाइप लाइन को होगा प्रयोग।
सोहला ढाढोत- 4 - लगभग 15 करोड़।
आदलपुर - 3 - लगभग 10 करोड़।
खरखड़ा बास - 2 - लगभग 5 करोड़।
जैनपुर - 1 - लगभग 1.05 करोड़।
कारोता- 1 - लगभग 1.02 करोड़।
नांगल माला - 1 - लगभग 2.9 करोड़।
डिगरोता - 1 - लगभग 2.36 करोड़।
नांवा - 1 - लगभग 1.25 करोड़।
मुडायन - 1 - लगभग 1.23 करोड़।
खैरोली - 1 - लगभग 1.23 करोड़।
सुरेहती पिलानिया - 1 - लगभग 1.5 करोड़।
खोड़मा - 2 - लगभग 3.9 करोड़।
भोड़ी - 1 - लगभग 80 लाख।
सुरेहती मोड़ियान - 1 - लगभग 7 करोड़।
सलीमपुर - 2 - लगभग 1.42 करोड़।
बामनवास खेड़ा - 1 - लगभग 1.17 करोड़।
बुढवाल - 1 - लगभग 89 लाख।
लूजोता - 1 - लगभग 1.46 करोड़।
नावदी - 3 - लगभग 3.15 करोड़।
कांटी - 1 लगभग 2.05 करोड़।
पटीकरा - 1 - लगभग 2.5 करोड़।
जाट गुवानी - 2 - लगभग 1.75 करोड़।
राय मलिकपुर - 1 - लगभग 90 लाख।
ढाणी ढाकोडा - 1 - लगभग 90 लाख।
मोरूंड - 1 - लगभग 40 लाख।

# ग्रामीण विकास के लिए 2.20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर

■ हरियाणा ग्रामीण विकास योजना (वर्ष 2026- 27) के तहत विभिन्न गांवों में बनाए जाएंगे इंटरलॉकिंग ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


विधायक ओमप्रकाश यादव

प्रदेश सरकार ने जिला के नारनौल ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में विकास कार्यों को गति देने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार द्वारा हरियाणा ग्रामीण विकास योजना (वर्ष 2026- 27) के तहत लगभग 2.20 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति और इतनी ही राशि जारी करने की मंजूरी प्रदान की गई है। इस बजट से नारनौल ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा। विधायक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि भूषण खुर्द की 1.2 किलोमीटर सड़क के लिए 32 लाख 45 रुपये, सेका की 0.79 किलोमीटर सड़क के लिए 21 लाख 21 हजार रुपये, सेका की 1.79 किलोमीटर सड़क के लिए 46 लाख 13 हजार रुपये, ताजीपुर की 0.33 किलोमीटर सड़क के लिए 8 लाख 90 हजार रुपये, ताजीपुर की 0.33 किलोमीटर सड़क के लिए 9 लाख 7 हजार रुपये, नांगल शालू की 0.55 किलोमीटर सड़क के लिए 15 लाख 9 हजार रुपये, बास किरारोद उमराबाद 0.25 किलोमीटर सड़क के लिए 7 लाख 12 हजार रुपये, लहरोदा 0.38 किलोमीटर सड़क के लिए 10 लाख 47 हजार रुपये, निवाजनगर 0.42 किलोमीटर सड़क के लिए 11 लाख 47 हजार रुपये, महरमपुर 1.22 किलोमीटर सड़क के लिए 40 लाख 59 हजार रुपये, कांवी 0.55 किलोमीटर सड़क के लिए 18 लाख 29 हजार रुपये की राशि मंजूर की गई है।

### शहरी विकास के लिए 1.91 करोड़ की राशि को दी मंजूरी

विधायक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि नारनौल ब्लाक के शहरी विकास के लिए सड़कों के लिए 1.91 करोड़ की राशि को दी मंजूरी दी है। जिसमें 36.5 लाख रुपये की लागत से रेवाड़ी रोड से मनजीत के मकान तक, 19.5 लाख रुपये की लागत से कृष्ण महता के मकान से राष्ट्र वीर मकान तक, 29.5 लाख रुपये की लागत से दया नगर में, 26.7 लाख रुपये की लागत से लाल पहाड़ी से मंडी रोड, 16.6 लाख रुपये की लागत से टहला रोड से ओमप्रकाश के मकान तक, 13.5 लाख रुपये की लागत से गजेंद्र के मकान से शिव कॉलोनी तक, 23.7 लाख रुपये की लागत से श्रीकृष्ण ऑयल मिल से पुरुषोत्तम कॉलोनी तक, 14.5 लाख रुपये की लागत से विजय मास्टर से रोहतास के मकान तक निर्माण करवाया जाएगा। विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नारनौल विधानसभा क्षेत्र में गांवों व शहरों में विकास को गति देने के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में समान विकास कर रहे हैं नारनौल से उन्हें विशेष लगाव हैद्ध नारनौल को भी विकसित करने के लिए धन की कमी नहीं रहने देंगे।

# चाइनीज मांझे पर चलेगा औचक निरीक्षण अभियान

■ एसपी ने ली पीस कमेटी की बैठक नशा तस्करों पर कार्रवाई की हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस अधीक्षक दीपक ने अपने कार्यालय में पुलिस पब्लिक पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था और वर्तमान में सामने आ रही सामाजिक समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की शुरुआत में पिछली मीटिंग के दौरान उठाई गई समस्याओं पर पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें पुलिस के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सभी सदस्यों ने जिला पुलिस की कार्यप्रणाली पर गहरा संतोष व्यक्त किया। सदस्यों ने विशेष रूप से नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सख्त अभियानों और शहर को नशामुक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों की प्रशंसा की।


नारनौल। बैठक लेते एसपी दीपक। फोटो : हरिभूमि

### पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ाई पुलिस गश्त

इसके साथ ही, महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शाम के समय पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ाई गई पुलिस गश्त की भी सराहना की गई, जिससे लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। इस दौरान जनहित से जुड़े कुछ ओर मुद्दे भी पुलिस अधीक्षक के सामने रखे गए। सदस्यों ने बाजार में खतरनाक चाइनीज मांझे (डोर) की समस्या एसपी के समक्ष रखी, जो अक्सर राहगीरों और पक्षियों के लिए जानलेवा साबित होता है। इस विषय पर संज्ञान लेते हुए, पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस द्वारा जल्द ही सभी मार्केट क्षेत्रों में औचक निरीक्षण (सरप्राइज चेकिंग) अभियान चलाया जाएगा। यदि कोई भी दुकानदार चाइनीज मांझा या डोर बेचता या उसका भंडारण करता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, कमेटी के सदस्यों ने सूदखोरों की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया, जो जरूरतमंदों का आर्थिक शोषण करते हैं। इस पर एसपी दीपक ने अवगत कराया कि पुलिस इस मामले को लेकर पहले से ही मुस्तैद है और जिले में 2025 व 2026 में अब तक सूदखोरों के खिलाफ 14 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।


महेंद्रगढ़। सतनाली में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी के सतनाली ब्लाक के ग्रामीण सफाई कर्मचारी बीडीपीओ कार्यालय में एकत्रित हुए तथा ब्लॉक प्रधान जगदीश प्रसाद की अध्यक्षता में सभा की। इस दौरान सतनाली बीडीपीओ कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की लंबित न्यायचित मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री सरकार के नाम बीडीपीओ सतनाली के मार्फत एसईपीओ सतनाली को सौंपा। सभा प्रदर्शन को ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि, ब्लॉक प्रधान जगदीश प्रसाद, एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी वर्ष 2007 से गांवों में साफ सफाई का कार्य कर गांव को साफ सुथरा रख ग्रामीणों को बिमारियों से बचाने का जोखिम भरा जीवन उपयोगी काम कर रहे हैं। बावजूद इसके ग्रामीण सफाई कर्मचारी 19 वर्ष की संतोष जनक और सराहनीय सेवाओं के बावजूद ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को नियमित स्थाई घोषित नहीं किया गया है और ना ही न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू किया गया है तथा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में भी शामिल नहीं किया गया है। जिला प्रधान पवन कुमार ने कर्मचारियों से 24 मई को सरकार के मंत्री कृष्ण बेदी के नरवाना स्थित आवास पर धरने में शामिल होने की पुरजोर अपील की। इस मौके पर बलबीर, सुरेश, रमेश, अशोक, ईश्वर, परमवीर, विनोद, रामफल, विकास, गोपाल, शिवकुमार, पूनम, रामकिशन, विक्रम, जयबीर, गुड्डी देवी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनगणना कर्मियों के मार्गदर्शक की भूमिका निभाएं सरपंच, पंच व नप अध्यक्ष और पार्षद

■ डिजिटल जनगणना-2027 : ग्रामीण स्तर पर भी बुनियादी सुविधा देने में सहयोग करें जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ में जनगणना-2027 को सुगमता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपन्न कराने के लिए जिला डिप्टी कमिश्नर एवं प्रिंसिपल सेंसस अधिकारी अनुपमा अंजली प्रशासन शहरी व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से एकजुट होकर इस अभियान को गति देने को कहा है। उन्होंने उनके क्षेत्र में प्रगणकों तथा सुपरवाइजरों को आवश्यक सहयोग करने के निर्देश भी दिए हैं। डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस महाअभियान को बिना किसी गतिरोध के पूरा करने के लिए एक परिपक्व कार्ययोजना और दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय अभियान के व्यावहारिक क्रियान्वयन के लिए शहरी स्थानीय निकायों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, जिनमें नगर परिषद व नगर समितियों के अध्यक्ष, सदस्य और सभी वार्ड पार्षद से यह अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कर्मियों के मार्गदर्शक की भूमिका निभाएं तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को स्थानीय वार्डों की सही भौगोलिक स्थिति से अवगत कराकर डेटा संकलन को त्रुटिहीन बनाने में अपना अमूल्य सहयोग दें।

### सहभागिता के लिए किया प्रेरित

इसी प्रकार, ग्रामीण अंचल में इस कार्य की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए जिले की पंचायती राज संस्थाओं के सभी मुखियाओं, सरपंचों, पंचों और ग्राम पंचायत सदस्यों को सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया है कि वे सेंसस अधिकारियों को ग्रामीण स्तर पर हर मुमकिन बुनियादी सुविधा और व्यावहारिक सहयोग उपलब्ध कराएं ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी इस गणना में शामिल हो सके। उन्होंने ग्रामीण समाज की पारंपरिक और मजबूत धुरी माने जाने वाले सभी नंबरदारों और ग्राम प्रधानों को भी विशेष दायित्व से जोड़ा है ताकि वे अपने आवंटित गांवों में आने वाले सेंसस एन्यूमरेटर्स की स्थानीय स्तर पर प्रामाणिक अगवानी करें और यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि फील्ड स्टाफ को हर घर से सटीक व वास्तविक आंकड़े प्राप्त हों। इसी तरह प्रशासनिक और तकनीकी मोर्चे पर जिले के सभी सरकारी विभागों, सक्षम प्राधिकारियों और लोकल बॉडीज को पाबंद किया गया है कि वे राष्ट्रीय जनगणना को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रखें तथा जनगणना अथॉरिटी को समय-समय पर आवश्यकतानुसार हर तरह की तकनीकी सहायता, मानव संसाधन और व्यावहारिक मदद बिना किसी विलंब के मुहैया कराएं ताकि पूरी प्रक्रिया निर्बाध रूप से चलती रहे। प्रशासनिक स्तर पर यह भी स्पष्ट किया गया है।

## नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों, विश्व स्तरीय वैज्ञानिकों से लेंगे विज्ञान और तकनीक की शिक्षा

अब अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच रही सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की प्रतिभा

# हरियाणा के चार विद्यार्थी जाएंगे जापान इनमें महेंद्रगढ़ जिले का छात्र ध्रुव भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश के छोटे शहरों और सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की प्रतिभा अब अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंच रही है। इसका ताजा उदाहरण हरियाणा के चार मेधावी छात्र हैं, जिनका चयन जापान के प्रतिष्ठित सकुरा साइंस प्रोग्राम 2026 के लिए हुआ है। इस कार्यक्रम में चयनित छात्र जापान जाकर नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों, विश्व स्तरीय वैज्ञानिकों से विज्ञान और तकनीक की शिक्षा लेंगे। देशभर से कुल 56 छात्रों को प्रतिष्ठित जापान-एशिया युवा विज्ञान विनिमय कार्यक्रम (जिसे सकुरा विज्ञान कार्यक्रम के नाम से जाना जाता है) में भाग लेने के लिए चुना गया है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के तत्वावधान में राजकीय विद्यालयों के चयनित जापान के प्रतिष्ठित सकुरा साइंस प्रोग्राम 2026 के तहत हरियाणा के चार विद्यार्थी ध्रुव, दीक्षा, खुशी व सपना का चयन विज्ञान एवं तकनीक सीखने के लिए जापान यात्रा के लिए हुआ है। विद्यार्थियों के इस दल को समग्र शिक्षा कार्यालय नारनौल से 22 मई को प्रातः आठ बजे नई दिल्ली के लिए रवाना हुए।



नारनौल। रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

डीएसएस रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इन विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके अनुभव को व्यापक बनाने के उद्देश्य से सकुरा विज्ञान कार्यक्रम 2026 के तहत जापान भेजा गया है। इस मौके पर एस्कॉर्ट टीचर प्रेम कुमारी, समग्र शिक्षा नारनौल कार्यालय के स्टाफ सदस्य अजय वर्मा, मुकेश ढ़ोसीवाल, पूनम यादव, मुकेश कुमार एवं विद्यार्थियों के अभिभावकगण आदि मौजूद रहे।

### चयनित में महेंद्रगढ़, फतेहाबाद व भिवानी जिले से

चयनित विद्यार्थियों में महेंद्रगढ़ के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल का ध्रुव, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विधालय फतेहाबाद की सपना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमोदा में सुपर-100 में अध्यनरत दो छात्राओं जिनमें खुशी भिवानी से और दीक्षा फतेहाबाद जिले से है। जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी (जेएसटी) द्वारा संचालित यह पहल युवा शिक्षार्थियों को जापान के उन्नत वैज्ञानिक नवाचारों को देखने और साथ ही वहां की संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर प्रदान करती है।

### यहां मिलेगा रियल साइंस का अनुभव

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों के व्याख्यान एवं जापान के विश्वविद्यालयों और रिसर्च लैब का दौरा करवाया जाएगा। इसमें रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीक का अनुभव कराया जाएगा। इसके साथ ही जापानी छात्रों के साथ संयुक्त गतिविधियाँ और जापानी संस्कृति को समझने का अवसर भी मिलेगा।

### इस आधार पर हुआ चयन

छात्रों का चयन उनके शैक्षणिक रिकार्ड, विज्ञान विषय में उपलब्धियों, नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कालरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा, इंस्पायर अवार्ड मानक तथा विज्ञान गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। छात्र वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में कक्षा 10वीं, 11वीं या 12वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। जापान पहुंचने के समय छात्र की आयु कम से कम 15 वर्ष होनी चाहिए।

## अटेली में विधायक कंवर सिंह ने नवजात कन्या को दिया आशीर्वाद

**मंडी अटेली।** महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह अटेली पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव के निवास पर जाकर उनके परिवार को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक ने उनकी पुत्रवधु डॉ. पारुल यादव और उनके पति डॉ. विनय यादव को नवजात कन्या के जन्म पर बधाई दी तथा बच्ची को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव विकास यादव, पूर्व चेयरमैन विकास यादव, पार्षद अंशुल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण शर्मा, अटेली मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, मनजीत भीलवाड़ा, मंडल महामंत्री इंद्रजीत यादव, सवितराज, डॉ. जतिन और डॉ. ऊषा यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005